**Balmer Lawrie & Co. Ltd.**
(A Government of India Enterprise)

**SBU : Greases & Lubricants**
**P-43, Hide Road Extension,**
**Kolkata – 700 088**
**India**

# NOTICE INVITING TENDER

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Type of Tender | : | Global Tender |
| 2 | Tender No. | : | GLK/TE17/189 |
| 3. | Tender date | : | October 10, 2017 |
| 4. | Tender Due Date | : | October 23, 2017, 15.00 hrs. IST |
| 5. | Item | : | (i) Polyalphaolefin 40 [PAO 40] - 90 MT<br>(ii) Polyalphaolefin 9/10 [PAO 9/10]- 45 MT |
| 6. | Quantity variation | : | (+/-)10 % (max.) |
| 7. | Validity of Offer | : | 90 days from tender opening date |
| 8. | Earnest Money Deposit | : | As per detailed terms of tender. |
| 9. | Security Deposit | : | As per detailed terms of tender. |
| 10. | Period of Contract | : | Seven (7) months from the date of Purchase order or till execution of the full quantity |
| 11. | Tender document | : | Attached |

**<u>TENDER DOCUMENT</u>**

Balmer Lawrie & Co. Ltd. (BL), a Govt. of India Enterprise, under the Ministry of Petroleum and Natural Gas, invites quotations from manufacturers / potential bidders engaged in the business of supply of **Polyalphaolefin 40 [PAO 40]** & **Polyalphaolefin 9 / 10 [PAO 9/10]** as per Technical Specifications mentioned & terms and conditions as detailed below.

1.0 **<u>Product Specifications</u>** :

**PAO 40**

| Sl.No. | Characteristics | Specification | |
|---|---|---|---|
| | | Min | Max |
| 1 | Appearance | Clear, bright & odourless | |
| 2 | Colour (ASTM D 1500) | | 0.5 |
| 3 | Specific Gravity at 15 Deg C | 0.84 | 0.86 |
| 4 | Kinematic Viscocity at 40 deg C, cSt (ASTM D 445) | 380 | 620 |
| 5 | Kinematic Viscocity at 100 deg C, cSt (ASTM D 445) | 38 | 72 |
| 6 | Viscocity Index, (ASTM D 2270) | 140 | |
| 7 | Flash Point Deg C, Min (ASTM D 92) | 260 | |
| 8 | Pour Point Deg C (ASTM D 97) | | (-) 36 |
| 9 | Total Acid no mg KOH/g (ASTM D 974) | | 0.1 |
| 10 | Water, ppm,max | | 50 |

**PAO 9/10**

| Sl.No. | Characteristics | Specification | |
|---|---|---|---|
| | | Min | Max |
| 1 | Appearance | Clear, bright & odourless | |
| 2 | Colour (ASTM D 1500) | | 0.5 |
| 3 | Specific Gravity at 15 Deg C | 0.83 | 0.85 |
| 4 | Kinematic Viscocity at 40 deg C, cSt (ASTM D 445) | 50 | 75 |
| 5 | Kinematic Viscocity at 100 deg C, cSt (ASTM D 445) | 8.5 | 10.5 |
| 6 | Viscocity Index, (ASTM D 2270) | 135 | |
| 7 | Flash Point Deg C, Min (ASTM D 92) | 260 | |
| 8 | Pour Point Deg C (ASTM D 97) | | (-) 33 |
| 9 | Total Acid no mg KOH/g (ASTM D 974) | | 0.1 |
| 10 | Water, ppm,max | | 50 |

2.0 **Sample of PAO[40] & PAO [9/10]**

Bidder(s) who have not supplied earlier during last two years must submit a representative sample so as to reach us on / before due date of the tender for our evaluation.

3.0 **Packing**

In Barrels in seaworthy packing. Nett weight of material per bag should be 160 Kg – 200 Kg.

4.0 **Quantity** :

| MATERIAL | PORT LOCATION for CIF Delivery | PLANT LOCATION for Door Delivery | QUANTITY (+/-) 10% |
|---|---|---|---|
| PAO 40 | Kolkata | Kolkata | 90 MT |
| PAO 9/10 | Kolkata | Kolkata | 45 MT |

5.0 **Supply :**

Each lot/batch should be accompanied by the manufacturer's test certificate and approval of quality report. Bidders are requested to provide a declaration along with their offer that their product would meet all technical specifications mentioned elsewhere in the tender document.

6.0 **Reference and testimonials**

Bidder(s) should provide the country of origin of the material, major current customers in India and overseas.

If overseas bidder is represented by agent in India, the latter shall furnish agency agreement / authorization from their principal to act on their behalf.

7.0 **Mode of shipment** : By Sea for overseas bidders. For domestic bidders, the offer must be FOR destination only.

8.0 **Price**

8.1 For Overseas bidder(s)

Rate(s) should be quoted in US Dollars as follows

a) CIF Kolkata Port

Price should be valid for shipment up to June 30, 2018.

8.2 For Domestic bidder(s)

Rate(s) should be quoted in Indian Rupees (INR) on FOR delivery to BL plant as follows : G&L Kolkata

All taxes and duties like GST Freight etc. are to be clearly mentioned in the offer.

Price should be valid for delivery up to June 30, 2018.

After placement of order, the price of PAO 40 & PAO 9/10 shall be firm and no request for increase in price will be considered by BL on any ground.

9.0 **Payment Terms**

For overseas Bidder(s) : Within 60 days from the date of Bill of Lading against original shipping documents sent through our bank.

Domestic Bidder(s) : Within 30 days from the date of receipt of materials at BL's plant.

10.0 **Country of origin**

Bidder(s) must mention the country of origin of the material in their offer.

11.0 **Customs tariff number**

Overseas bidder must provide the customs tariff number in their offer. Domestic bidder must mention the HSN alongwith their offer.

12.0 **Pre-shipment inspection**

The material should be pre-inspected regarding its identification, verification of manufacturer's test certificate against BL's requirement and weighment certificate(s), issued after physical shipment of cargo by an independent inspection agency for overseas bidders. CIF price should be inclusive of this pre-inspection charges, as applicable.

13.0 **Delivery Schedule**

Overseas Bidder(s) : One container of 15 MT(PAO40) & 8 MT(PAO 9/10) to be shipped within 7 days of placement of order / letter of intent or as per our call up as finalized by us during placement of purchase order. Remaining materials (15 MT FCL lot) are to be supplied as per our call up.

Domestic Bidder(s) : First lot of 15 MT(PAO40) & 8 MT(PAO 9/10) to be delivered to our Kolkata plant within 21 days of placement of order / letter of intent or as per our call up as finalized by us during placement of purchase order. The remaining quantity is to be dispatched as per our call up. Material must reach our plant within one month from the date of call up (for subsequent supplies).

14.0 **Call – Up and Lead Time**

Dispatch **/** shipment to be effected within 20 days from the date of issue of call-ups (for subsequent call ups). In case of non-shipment of material within 25 days, BL at their own option may act either of the following :

a) Deduct a sum of @ ½ % per week subject to a maximum of 5% on total invoice value (CIF basis) as pre-determined Liquidated Damages

b) Purchase from other sources and deduct the differential amount from their next supply

c) Cancel the order and forfeit the Security Deposit

BL's decision in this regard will be final and binding to the supplier.

15.0 **Risk Purchase**

Without prejudice to other provisions in the tender, in the event of the supplier failing to supply within the stipulated lead time as per our call up mentioned against sl. No. 14.0 above, BL shall have the option to procure the product from alternate sources, at the risk and cost of the supplier without further intimation.

In case of rejection, if any, dispatch of replacement material for domestic suppliers and effecting shipment for overseas suppliers, is to be made within one week of intimation failing which BL shall have right to procure the product from alternate sources at the risk and cost of the supplier without further intimation.

16.0 **Part Order / Split Order**

16.1 Tender will be evaluated (for overseas bidders) as per the exchange rate appears on the date of opening of tender as per Reserve Bank of India.

16.2 BL reserves the right to accept any tender in whole or in part or reject any or all offers without assigning any reason. The decision in regard to acceptance and/or rejection of any/ all offers in part/full shall be at the sole discretion of BL and the decision in this regard shall be binding on the bidders.

16.3 The evaluation of the price bid will be as per prescribed format. The lowest landed rate quoted by the technically qualified bidder shall be taken as the L1 price. Similarly, L2, L3, etc. will be derived.

16.4 The order is proposed to be split in the ratio of 60:40. Price shall be first negotiated with the L1 bidder who would be eligible for allotment of 60% of the total quantity. L2 bidder shall be requested to match the price of L1 bidder and if they agree then 40% of the total quantity shall be allotted to them. In case L2 bidder disagrees to match prices, similar offer shall be successively made to L3, L4, L5, ………..bidders.

16.5 If no bidder accepts offer of matching price of L1 bidder, Company retains the option of placing order on L1 for 100% of the tender quantity.

16.6 In case bids are received from related companies, only the lowest among such bids shall be considered for evaluation. The other bids of related companies will stand rejected.

17.0 **Guarantee**

On receipt and testing of the product [within 10 days of arrival in the plant], if it is found that it does not meet the contractual specifications, the supplier shall replace the product free of cost and shall also reimburse the buyer any costs that the buyer might have incurred on the off-spec material.

## 18.0 **Arbitration**

Disputes or differences arising out of or in relation to agreement/ contract shall be referred to the Chairman and Managing Director (C&MD) of BL who may either act himself/herself as Sole Arbitrator or nominate some officer of BL to act as an Arbitrator to adjudicate the disputes and differences between the parties (except those in respect of which the decision of any person is by the contract expressed to be final and binding).

The supplier shall not be entitled to raise any objection to the appointment of such officer of BL as the sole arbitrator on the ground that the said officer is an officer of BL or that he/she in the course of duties as an officer of BL he/she has/had expressed views on all or any of the matters in dispute or difference.

The award of the arbitrator shall be final, conclusive and binding on all the Parties to the agreement subject to the provisions of the Indian Arbitration and Conciliation Act, 1996 and the rules made thereunder for the time being in force.

The award shall be made in writing and published by the Arbitrator within six months of entering upon the reference or within such further time mutually extended by the parties. The arbitrator shall have power to order and direct the parties to abide by, observe and perform all such directions as the arbitrator may think fit and proper to issue having regard to the fact that the arbitration proceedings have to be completed within the specified period solely on the principles of Natural Justice.

The arbitrator shall have power to make one or more awards whether interim or otherwise in respect of the dispute and differences and in particular shall make separate awards in respect of each claim or cross claims of the parties.

The arbitrator shall be entitled to direct any of the parties to pay the costs of arbitration in such manner and to such extent as a arbitrator may in his discretion determine and shall also be entitled to require one or both the parties to deposit funds in such proportions to meet the arbitration expenses. The parties to arbitration whenever called upon to do so shall be bound to comply with such direction without any demur.

Notwithstanding anything contained in any other law, the Parties hereby agree that the courts in the city of Kolkata alone shall have jurisdiction in respect of all or anything arising under this agreement and any award or awards made by the sole arbitrator hereunder shall be filed in the courts in the city of Kolkata only.

## 19.0 **Compliance with Regulations**

Bidder(s) will warrant that all goods and services covered by this agreement/contract shall have been produced, sold, supplied, dispatched, delivered and furnished in strict compliance with all applicable laws, regulations, labour agreements, working conditions and technical codes and requirements as applicable from time to time. The supplier shall execute and deliver such documents as may be required to effect or to evidence such compliance.

All laws and regulations required to be incorporated in this charter are hereby deemed to be incorporated by these references. BL and their authorized representatives disown any responsibility for any irregularity, contravention or infringement of any statutory regulations in the manufacture and / or supply of goods /services covered by this agreement/contract.

The vendor shall issue the excise paid invoice so that equivalent amount may be availed as Cenvat credit by us, if applicable. Concessional form pertaining to Sales Tax shall be issued to the vendor by us if applicable.

20.0 **Force Majeure**

Any delay in or failure of the performance of either party hereto shall not constitute default hereunder or give rise to any claims for damage, if any, to the extent such delays, failure of performance is caused by occurrences such as Acts of God or an enemy, decrees of any government or governmental authority, acts of war, rebellion, sabotage or fires, floods, explosions, riots, or strikes. The Vendor shall keep records of the circumstances referred to above and bring these to the notice of the concerned officer of the buyer in writing within 7 days on such occurrences. The amount of time, if any, lost on any of these counts shall not be counted for the contract period. The decision of the buyer arrived at after consultation with the vendor, shall be final and binding. Such period of time shall be extended by the buyer to enable the Vendor to deliver the items within such extended period of time.

As soon as the cause of Force Majeure been removed, the party whose liability to perform its obligation has been affected shall notify the other of such cessation and inform the other party the actual delay incurred in such affected activities. Any such event, whenever it occurs, provided that it prevents, affects or delays the party in performing contractual obligation, shall justify the claim of Force Majeure.

21.0 **Earnest Money Deposit (EMD)**

All bidders must submit an interest free EMD of INR 15,00,00 (rupees one lakh & fifty thousand only) (for domestic bidder) / USD 2,300 (US Dollars two thousand & three hundred only) (for overseas bidder) by Pay Order / DD drawn on any schedule bank in India in favour of “BALMER LAWRIE & CO. LTD.” and payable at Kolkata (Calcutta), India.

EMD of unsuccessful bidder(s) will be returned after finalization of the tender. However EMD of successful bidder(s) will be returned only after submission of Security Deposit.

Public Sector Undertakings and Micro & Small scale manufacturing units only registered under MSME/ NSIC/ SSI are exempted from payment of EMD. However, they should enclose a copy of their valid registration certificate to make their bid eligible for consideration.

22.0 **Security Deposit (SD)**

After receipt of Purchase Order (PO) / Letter of Intent (LOI), the Supplier(s) must submit interest free Security deposit within 15 days from the date of receipt of LOI/PO as applicable in the form of Pay Order / DD drawn on any schedule bank in India in favour of “BALMER LAWRIE & CO. LTD.” and payable at Kolkata (Calcutta), India @ 2% of the order value (basic order value without taxes and duties). This may be given in the form of Bank Guarantee from any Nationalized / Scheduled bank in India of equivalent amount valid till end of the contract.

If the tender quantity is split between two or more vendors at the time of placement of order, the security deposit will also be divided at the same proportion.

23.0 **Validity of offer**

Offer(s) should be valid for our acceptance upto 60 days from the due date or the extender due date, if any, of the tender.

24.0 **Submission of offer**

The domestic bidders are required to submit their offer on-line. However the EMD and other documents, if any must reach our office before due date and time of the tender.

The overseas bidders are required to quote in sealed envelope/ e-mail offer and should reach us on or before the due date and time of tender i.e. October 23, 2017, 15:00 hours IST.

The outer ENVELOPE should be marked “Global Tender for LiOH” and should be addressed to

Mr. Arnab Ghatak
Sr. Manager (Central Procurement)
Balmer Lawrie & Co. Ltd.,
Greases & Lubricants Division,
P-43, Hide Road Extension,
Kolkata – 700 088, India

Phone No : (+) 91 33 2450 5116

Mobile : (+) 91 9007062135
E-mail : ghatak.a@balmerlawrie.com

Each page of the tender document shall be stamped and signed by the authorized representative of the bidder and must be submitted along with their offer**.**

**No deviation against the tender terms and conditions will be accepted. In case of any deviation, the offer(s) will be summarily rejected without contacting the bidder(s) or assigning any reason whatsoever.**

Offers received from related companies (definition of related companies as per Company Act of 1946 in India shall apply) shall be considered as one offer.

Offer(s) received after due date and time will not be considered for evaluation and the sealed envelope(s) will not be opened. BL will not take any responsibility for not reaching the offer within the due date and time.

Thanking You

Yours Faithfully
for **Balmer Lawrie & Co. Limited**

**(Arnab Ghatak)**
**Sr. Manager (Central Procurement)**

## CONDITIONS FOR ONLINE BID SUBMISSION

1.0 Procedure for Bid Submission

The bidder shall submit his response through bid submission to the tender on e-Procurement platform at https://balmerlawrie.eproc/.in by following the procedure given below. The bidder would be required to register on the e-procurement market place at https://balmerlawrie.eproc/.in and submit their bids online. No offline bids shall be entertained by the Tender Inviting Authority. The bidders shall submit their eligibility and qualification documents, Technical bid, Financial bid etc., in the standard formats prescribed in the Tender documents, displayed in e-procurement web site. The bidders shall upload the scanned copies of all the relevant certificates, documents etc., if required, in support of their eligibility criteria/technical bids in the e-procurement web site. However, bulky documents need not be scanned and uploaded but physical copy of the same should be sent to the Tender Inviting Authority office before the tender opening date. The bidder shall sign on the statements, documents, certificates, uploaded by him, owning responsibility for their correctness/authenticity.

2.0 Registration with e-Procurement platform

For registration and online bid submission bidders may contact HELP DESK of M/s C1 India Pvt., Ltd., or they can register themselves online by logging in to the website https://balmerlawrie.eproc/.in

3.0 Digital Certificate authentication

The bidder shall authenticate the bid with his Digital Certificate for submitting the bid electronically on e-procurement platform and the bids not authenticated by digital certificate of the bidder will not be accepted on the e-procurement platform. All the bidders who do not have Digital Certificates need to obtain Digital Certificate. They may contact Help Desk of C1 India Pvt Ltd.

M/s C1 India Pvt Ltd.
C104, Sector 2, Noida - 201301

Contact person : Mr. Ritabrata Chakraborty (Kolkata)

Cell : + 91 97487 08094
e-mail : ritabrata.chakraborty@c1india.com

4.0 Submission of Hard copies

Before submission of bid online, the bidders are requested to submit the technical literature indicating treat level and EMD through courier / e-mail as applicable so as to reach us before opening of tender on-line.

5.0 Corrigendum to tender

The bidder has to keep track of any changes by viewing the addendum / Corrigendum's issued by the Tender Inviting Authority on time-to-time basis in the e-Procurement platform. The Company calling for tenders shall not be responsible for any claims/problems arising out of this.

6.0 Bid Submission Acknowledgement

The user should complete all the processes and steps required for bid submission. The successful bid submission can be ascertained once acknowledgement is given by the system through bid submission number after completing all the processes and steps. Tender Inviting Authority and C1 India Pvt. Ltd. will not be responsible for incomplete bid submission by users. Users may also note that the incomplete bids will not be saved by the system and are not available for the Tender Inviting Authority for processing.

Before uploading scanned documents, the bidders shall sign on all the statements, documents, certificates uploaded by him, owning responsibility for their correctness / authenticity

बामर लॉरी एण्ड कं. लि.

Balmer Lawrie & Co. Ltd.

(भारत सरकार का उपक्रम)

*एस.बी.यू.* : *ग्रीस एवं लुब्रिकेंट्स)*

*पी*-43, *हाईड रोड, एक्सटेंशन,*

कोलकाता – 700 088

भारत

## निविदा आमंत्रण सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का स्वरूप | : | वैश्विक निविदा |
| 2 | निविदा संख्या | : | जीएलके/टीई17/189 |
| 3. | निविदा तिथि | : | 10 अक्तूबर, 2017 |
| 4. | निविदा नियत तिथि | : | 23 अक्तूबर, 2017, 15.00 बजे, भा.मा.समय |
| 5. | मद | : | (i) पोलिएलफाओयेफिन 40 [पीएओ 40] - 90 एमटी<br>(ii) पोलिएलफाओयेफिन 9/10 [पीएओ 9/10]- 45 एमटी |
| 6. | गुणवत्ता भिन्नता | : | (+/-)10 % (अधिकतम) |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | : | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन |
| 8. | पेशगी धन जमा | : | विस्तृत निविदा शर्तों के अनुसार |
| 9. | सुरक्षा जमा | : | विस्तृत निविदा शर्तों के अनुसार |
| 10. | निविदा की अवधि | : | क्रयादेश की तिथि से सात (7) माह अथवा पूरी मात्रा का निष्पादन किए जाने तक |
| 11. | निविदा दस्तावेज | : | संलग्न |

**निविदा दस्तावेज**

बामर लारी एंड कम्पनी लिमिटेड, पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अध्याधीन भारत सरकार का उद्‌यम, उल्लिखित तकनीकी विर्निदेशों के अनुसार, नीचे प्रस्तुत नियम एवं शर्तो पर, पोलिएलफाओयेफिन **40 [पीएओ 40]** एवं पोलिएलफाओयेफिन **9 / 10 [पीएओ 9/10]** की आपूर्ति के लिए निर्माताओं/व्यवसाय से सम्बद्ध संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित करता है:-

2.0 उत्पाद विनिर्देश :

**पीएओ 40**

| क्र.सं. | अभिलक्षण | विनिर्देश | |
|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम | अधिकतम |
| 1 | रंग रूप | स्पष्ट, चमकदार एवं गंध रहित | |
| 2 | रंग (एएसटीएम डी 1500) | | 0.5 |
| 3 | 15 डिग्री सेल्शियस पर विर्निदिष्ट भार | 0.84 | 0.86 |
| 4 | 40 डिग्री सेल्शियस, सीएसटी (एएसटीएम डी 445) पर काइनेमेटिक विस्कोसिटी | 380 | 620 |
| 5 | 100 डिग्री सेल्शियस, सीएसटी (एएसटीएम डी 445) पर काइनेमेटिक विस्कोसिटी | 38 | 72 |
| 6 | विस्कोसिटी इंडेक्स , (एएसटीएम डी 2270) | 140 | |
| 7 | फ्लैश प्वांइट डिग्री सेल्शियस, न्यूनतम (एएसटीएम डी 92) | 260 | |
| 8 | प्रवाह प्वांइट डिग्री सेल्शियस, (एएसटीएम डी 97) | | (-) 36 |
| 9 | कुल एसिड सं.एमजी केओएच/जी (एएसटीएम डी 974) | | 0.1 |
| 10 | जल, पीपीएम, अधिकतम | | 50 |

**पीएओ 9/10**

| क्र.सं. | अभिलक्षण | विनिर्देश | |
|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम | अधिकतम |
| 1 | रंग रूप | स्पष्ट, चमकदार एवं गंध रहित | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | रंग (एएसटीएम डी 1500) | | 0.5 |
| 3 | 15 डिग्री सेल्शियस पर विर्निदिष्ट भार | 0.83 | 0.85 |
| 4 | 40 डिग्री सेल्शियस, सीएसटी (एएसटीएम डी 445) पर काइनेमेटिक विस्कोसिटी | 50 | 75 |
| 5 | 100 डिग्री सेल्शियस, सीएसटी (एएसटीएम डी 445) पर काइनेमेटिक विस्कोसिटी | 8.5 | 10.5 |
| 6 | विस्कोसिटी इंडेक्स , (एएसटीएम डी 2270) | 135 | |
| 7 | फ्लैश प्वांइट डिग्री सेल्शियस, न्यूनतम (एएसटीएम डी 92) | 260 | |
| 8 | प्रवाह प्वांइट डिग्री सेल्शियस, (एएसटीएम डी 97) | | (-) 33 |
| 9 | कुल एसिड सं.एमजी केओएच/जी (एएसटीएम डी 974) | | 0.1 |
| 10 | जल, पीपीएम, अधिकतम | | 50 |

2.0 **<u>पीएओ [40] तथा पीएओ [9/10] के नमूने</u>**

वे बोलीदाता, जिन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान कोई आपूर्ति नहीं की है, कृपया हमारे द्वारा मूल्यांकन के लिए अपनी नमूना सामग्री हमें निविदा की नियत तिथि को / से पूर्व भिजवाने की व्यवस्था करें।

3.0 <u>पैकिंग</u>

समुद्र यात्रा योग्य पैकिंग में बैरल्स में की जानी है। प्रति बैग सामग्री का कुल वजन 160 किलोग्राम - 200 किलोग्राम होना चाहिए।

4.0 <u>मात्रा</u> :

| **सामग्री** | **सीआईएफ डिलीवरी के बंदरगाह** | **स्थल तक डिलीवरी के लिए संयंत्र स्थल** | **मात्रा (+/-) 10%** |
|---|---|---|---|
| पीएओ 40 | कोलकाता | कोलकाता | 90 एमटी |
| पीएओ 9/10 | कोलकाता | कोलकाता | 45 एमटी |

5.0 <u>आपूर्ति :</u>

प्रत्येक लॉट/बैच के साथ निर्माता का परीक्षण प्रमाण पत्र एवं गुणवत्ता रिपोर्ट का अनुमोदन भेजा जाना चाहिए। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपने प्रस्ताव के

साथ इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करें कि उनका उत्पाद निविदा दस्तावेज में उल्लिखित सभी तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप होगा।

6.0 **<u>संदर्भ एवं प्रमाणक</u>**

बोलीदाता (बोलीदाताओं) को सामग्री के मूल देश, भारतीय तथा विदेशी ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करनी होगी।

यदि विदेशी बोलीदाता का प्रतिनिधित्व भारत में किसी एजेंट द्वारा किया जा रहा है तो उसे मूल बोलीदाता द्वारा जारी एजेंसी करार / प्राधिकार प्रस्तुत करना होगा।

7.0 **<u>शिपमेंट की विधि</u>**: विदेशी बोलीदाताओं द्वारा समुद्र मार्ग से। देशीय बोलीदाताओं के प्रस्ताव केवल एफ.ओ.आर. गंतव्य के लिए होने चाहिए।

8.0 **<u>मूल्य</u>**

8.1 **<u>विदेशी बोलीदाता (बोलीदाताओं के लिए)</u>**

दरों का उल्लेख निम्नानुसार केवल अमेरिकी डालरों में किया जाना चाहिए:

b) सी.आई.एफ. कोलकाता बंदरगाह

मूल्य दिनांक 30 जून, 2018 तक शिपमेंट के लिए मान्य होने चाहिए।

8.2 **<u>देशीय बोलीदाता (बोलीदाताओं) के लिए</u>**

दर (दरों) का उल्लेख भारतीय रूपए में बामर लारी के संयंत्र पर निम्नानुसार एफ.ओ.आर. डिलीवरी के साथ किया जाना चाहिए: जी एंड एल, कोलकाता।

वस्तु एवं सेवा कर, मालभाड़ा इत्यादि जैसे सभी कर एवं शुल्कों का उल्लेख प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से किया जाना चाहिए।
मूल्य दिनांक 30 जून, 2018 तक डिलीवरी के लिए मान्य होने चाहिए।

आदेश जारी किए जाने के पश्चात पीएओ 40 तथा पीएओ 9/10 के मूल्य निश्चित माने जाएंगे तथा बामर लारी द्वारा किसी भी आधार पर मूल्य में संवर्धन किए जाने के अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

9.0 **<u>भुगतान शर्तें</u>**

<u>विदेशी बोलीदाता(बोलीदाताओं) के लिए</u>: हमारे बैंक के माध्यम से प्रेषित मूल शिपिंग दस्तावेजों के अनुसार लदान पत्र की तिथि से 60 दिन के भीतर।

देशीय बोलीदाता (बोलीदाताओं के लिए): बामर लारी के संयंत्र पर सामग्री की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर।

10.0 **मूल देश**

बोलीदाता (बोलीदाताओं) को अपने प्रस्ताव में सामग्री के मूल देश का उल्लेख अवश्य करना चाहिए।

11.0 **सीमा शुल्क मूल्य सूची संख्या**

विदेशी बोलीदाताओं को अपने प्रस्ताव में सीमा शुल्क मूल्य सूची संख्या अवश्य सूचित करनी चाहिए। देशीय बोलीदाताओं को अपने प्रस्ताव में एच.एस.एन. का उल्लेख करना चाहिए।

12.0 **शिपमेंट पूर्व जांच**

बामर लारी की अपेक्षाओं के अनुरूप सामग्री के स्वरूप की पूर्व जांच, निर्माता के परीक्षण प्रमाण पत्र तथा विदेशी बोलीदाताओं के मामले में किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी द्वारा कार्गो के भौतिक शिपमेंट के संबंध में जारी वेटमेंट प्रमाण पत्र (पत्रों) का सत्यापन किया जाना चाहिए। इन पूर्व जांच प्रभारों में सीआईएफ मूल्य, यदि लागू हों, शामिल होने चाहिए।

13.0 **डिलीवरी अनुसूची**

विदेशी बोलीदाता : स्थापन आदेश/ आशय पत्र अथवा क्रयादेश जारी किए जाने के दौरान किए गए निर्धारण के अनुसार मांग किए जाने पर 15 एमटी (PAO 40) & 8 एमटी (PAO 9/10) का एक कंटेनर (कोलकाता के लिए) भिजवाया जाना है। शेष सामग्रिया (15 एमटी एफसीएल लॉट) हमारे द्वारा मांग किए जाने पर भिजवाई जानी है। ई-मेल के माध्यम से हमारे द्वारा मांग किए जाने के 7 दिनों के भीतर शिपमेंट कर दी जानी चाहिए।

देशीय बोलीदाता : हमारे कोलकाता संयंत्र में 15 एमटी के 15 एमटी (PAO 40) & 8 एमटी (PAO 9/10) पहले लॉट की आपूर्ति स्थापन आदेश/ आशय पत्र अथवा क्रयादेश जारी किए जाने के दौरान किए गए निर्धारण के अनुसार मांग किए जाने पर 30 दिनों में की जानी है। शेष मात्रा का प्रेषण हमारे द्वारा मांग किए जाने पर किया जाना है। मांग किए जाने के एक माह के भीतर सामग्री हमारे संयंत्र में पहुंच जानी चाहिए।

14.0 **मांग एवं समय सीमा**

मांग किए जाने की तिथि से 20 दिनों के भीतर प्रेषण / शिपमेंट कर दिया जाना चाहिए। 25 दिनों के भीतर (for subsequent call ups) सामग्री का शिपमेंट न किए जाने की स्थिति में बामर लारी द्वारा विकल्प के तौर पर निम्नानुसार क्रिया की जा सकेगी:

d) पूर्व निश्चित निर्णित हर्जाने के रूप में कुल बीजक मूल्य (सीआईएफ आधार) पर अधिकतम 5% की सीमा के साथ प्रति सप्ताह ½ % की दर से कटौती।

e) अन्य स्रोतो से क्रय करना तथा अंतर की राशि की कटौती अगली आपूर्ति में से करना।

f) आदेश रद्द करके सुरक्षा जमा जब्त करना।

इस संबंध में बामर लारी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं आपूर्तिकर्ता के लिए बाध्यकारी होगा।

15.0 **जोखिम क्रय**

उपर्युक्त 14.0 के अनुसार विक्रेता द्वारा निर्धारित समय में आपूर्ति न कर पाने की स्थिति में इस निविदा के अन्य प्रावधानों के प्रति निष्पक्ष होते हुए बामर लारी के पास, विक्रेता को सूचित किए बिना तथा विक्रेता के जोखिम एवं लागत पर, उत्पाद की अधिप्राप्ति अन्य वैकल्पिक स्रोतों से करने का अधिकार एवं विकल्प होगा।
अस्वीकृति, यदि कोई हो, के मामले में यदि प्रतिस्थापन सामग्री का देशीय आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रेषण एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं द्वारा शिपमेंट सूचना दिए जाने के एक सप्ताह के भीतर नहीं किया जाता है तो बामर लारी को, आपूर्तिकर्ता को सूचित किए बिना तथा उसके जोखिम एवं लागत पर, उत्पाद की अधिप्राप्ति वैकल्पिक स्रोतों से करने का अधिकार होगा।

16.0 **आंशिक** आदेश / विभाजित आदेश

16.1 निविदाओं का मूल्यांकन (विदेशी बोलीदाताओं के लिए) निविदा खोले जाने की तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विनिमय दर के अनुसार कियाक जाएगा।

16.2 किसी निविदा को पूर्ण रूप में अथवा विभाजित करके स्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण सूचित किए किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का बामर लारी एंड कम्पनी का अधिकार सुरक्षित होगा। किसी/सभी प्रस्तावों को स्वीकार करने तथा/अथवा अस्वीकार करने का एकल विवेकाधिकार बामर लारी के पास होगा तथा इस संबंध में बामर लारी द्वारा लिया जाने वाला निर्णय सभी बोलीदाताओं के लिए बाध्यकारी होगा।

16.3 मूल्य बोली का मूल्यांकन निर्धारित फार्मेट के अनुसार किया जाएगा। तकनीकी रूप से योग्य पाए गए बोलीदाता द्वारा के लिए प्रस्तुत न्यूनतम दर को एल1 मूल्य के तौर पर लिया जाएगा। इसी प्रकार एल2, एल3, इत्यादि मूल्य वर्णित किए जाएंगे।

16.4 आदेश क्रमश: 60:40 के अनुपात में विभाजित किया जाना है। मूल्य के संबंध में सबसे पहले मोलभाव कुल मात्रा के 60% निर्धारण के पात्र एल1 बोलीदाता के साथ किया जाएगा। एल2 बोलीदाता से एल1 बोलीदाता के अनुरूप मूल्य स्वीकार करने का अनुरोध किया जाएगा तथा उसकी सहमति होने की स्थिति में उसे कुल मात्रा का 40% भाग आबंटित किया जाएगा। एल2 बोलीदाता द्वारा अनुरूप मूल्यों के प्रति असहमति दिए जाने की स्थिति में एल3,एल4,एल5,.........बोलीदाताओं के सम्मुख ऐसा प्रस्ताव किया जाएगा।

16.5 किसी भी बोलीदाता द्वारा एल1 बोलीदाता के अनुरूप मूल्य स्वीकार न करने की स्थिति में कम्पनी के पास एल 1 बोलीदाता प्रत्येक स्थल के लिए निविदा मात्रा 100% आदेश जारी करने का विकल्प होगा।

16.6 सम्बद्ध कम्पनियों से बोली प्राप्त होने के मामले में उनके द्वारा प्रस्तुत बोली में से केवल न्यूनतम दर की बोली पर ही मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा। सम्बद्ध कम्पनियों की शेष बोली रद्द कर दी जाएगी।

17.0 **<u>गारंटी</u>**

उत्पाद की प्राप्ति तथा परीक्षण किए जाने पर [संयंत्र में प्राप्त होने के 10 दिन के भीतर] यदि ऐसा पाया जाता है कि यह संविदागत विनिर्देशों के अनुसार नहीं है तो आपूर्तिकर्ता को कोई लागत लिए बिना उत्पाद बदलना होगा तथा वह इसके लिए क्रेता को विनिर्देशों पर खरी न उतरी सामग्री पर किए गए व्यय की भरपाई भी करेगा।

18.0 **<u>विवाचन</u>**

अनुबंध/संविदा/आदेश के संबंध में किसी प्रकार का विवाद अथवा मतभिन्नता बामर लारी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी जो स्वयं अथवा नामित किसी अधिकारी को एकल विवाचक की भूमिका के लिए नामित करके पार्टियों के मध्य विवाद तथा मतभिन्नताओं का विवाचन करेंगे (उन मामलों के अलावा जिनके संबंध में संविदा के अंतर्गत किसी व्यक्ति का व्यक्त निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।)

बामर लारी के ऐसे किसी अधिकारी को एकल विवाचक के रूप में नियुक्त करने के प्रति आपूर्तिकर्ता को इस आधार पर कोई आपत्ति प्रस्तुत करने का अधिकार नहीं

होगा कि उक्त अधिकारी बामर लारी का अधिकारी है अथवा बामर लारी के एक अधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए उसने विवाद अथवा मतभिन्नता के सभी मामलों अथवा किसी मामले के संबंध में अपने कोई विचार व्यक्त किए हैं।

विवाचक द्वारा लिया जाने वाला निर्णय विवाचन एवं समाधान अधिनियम, 1996 के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत निर्मित एवं प्रचलित नियमों की शर्त के साथ सभी पार्टियों के लिए अंतिम, निर्णायक एवं बाध्यकारी होगा।

ऐसा निर्णय लिखित रूप में दिया जाएगा तथा विवाचक द्वारा इसका प्रकाशन इसका संदर्भ दिए जाने की तिथि से छः माह के भीतर अथवा पार्टियों के मध्य आपसी सहमति के अनुसार निश्चित समयावधि के दौरान किया जाएगा। विवाचन की प्रक्रिया एकल रूप में निर्धारित अवधि के दौरान न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतों को ध्यान में रखकर पूरी किए जाने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए विवाचक को उसके मत अथवा विचारानुसार सभी पार्टियों को अनुपालन के लिए मामले से संबंधित उचित अथवा सही समझे गए निदेश तथा आदेश जारी करने की शक्ति प्राप्त होगी।

विवाचक को विवाद तथा मतभिन्नता के संबंध में अनंतिम अथवा अन्यथा रूप में एक अथवा अधिक निर्णय देने तथा पार्टियों के बीच प्रत्येक दावे अथवा क्रॉस दावों के संबंध में अलग निर्णय देने की शक्ति प्राप्त होगी।

विवाचक को किन्हीं भी पार्टियों को विवाचक के विवेकानुसार निर्धारित स्वरूप अथवा परिमाण के अनुसार विवाचन की लागतों के भुगतान का निदेश देने का अधिकार होगा तथा विवाचन के खर्चों को पूरा करने के लिए वह एक अथवा दोनों पार्टियों से ऐसे अनुपातिक स्वरूप में निधियां जमा करवाने की अपेक्षा कर सकेगा। ऐसी अपेक्षा की स्थिति में विवाचन से सम्बद्ध पार्टियां बिना किसी आपत्ति के ऐसे निदेशों का पालन करने के प्रति बाध्य होंगी।

किसी भी अन्य कानून में कोई व्यवस्था होते हुए भी पार्टियां एतद्द्वारा यह सहमति देती हैं कि इस अनुबंध के अंतर्गत तथा यहां उल्लिखित एकल विवाचक के किसी निर्णय अथवा निर्णयों से संबंधित मामलों के न्यायाधिकरण केवल कोलकता नगर में स्थित न्यायालय ही होंगे तथा केवल कोलकाता नगर में स्थित न्यायालयों में ये प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

## 19.0 <u>विनियमों का अनुपालन</u>

विक्रेता द्वारा इस अनुबंध / संविदा में शामिल सभी वस्तुओं की उत्पति, बिक्री, प्रेषण तथा डिलीवरी समय समय पर लागू सभी लागू कानूनों, विनियमों, श्रम अनुबंधों, कार्य स्थितियों तथा तकनीकी कोडों एवं अपेक्षाओं के अनुसार किए जाने का प्रमाणन

करना होगा। इस आशय से अथवा इसके अनुपालन के प्रमाण के तौर पर विक्रेता से दस्तावेजों का निष्पादन तथा उनकी प्रस्तुति की अपेक्षा की जा सकेगी।

इस अध्याय में समावेश किए जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक कानून तथा विनियम को यहां इन संदर्भों में शामिल किया गया माना जाएगा। बामर लारी तथा/अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि इस अनुबंध / संविदा में शामिल किसी निर्माण तथा / अथवा माल की आपूर्ति से संबंधित किन्हीं वैधानिक विनियमों की किसी अनियमितता, उल्लंघन अथवा अतिलंघन के प्रति किसी दायित्व के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।

विक्रेता द्वारा उत्पाद शुल्क चुकता बीजक जारी किया जाएगा ताकि केन्द्रीय मूल्य संवर्धित कर के संबंध में समान राशि के क्रेडिट, यदि लागू हो, का लाभ उठाया जा सके। हमारे द्वारा विक्रेता को बिक्री कर की रियायत, यदि लागू हो, से संबंधित फार्म जारी किया जाएगा।

20.0 **<u>अप्रत्याशित घटना</u>**

किसी पार्टी द्वारा प्राकृतिक अथवा शत्रु की किसी क्रिया, सरकारी अथवा सरकारी प्राधिकरण के आदेश, युद्ध, राजद्रोह, तोड़फोड़ अथवा आग लगने, बाढ़, विस्फोट, दंगा अथवा हड़ताल होने की स्थिति के कारण हुई किसी देरी अथवा निष्पादन न कर पाने के परिणामस्वरूप हुई चूक को देरी / निष्पादन न कर पाने के परिणामस्वरूप हुई चूक अथवा क्षति से संबंधित किसी दावे के तौर पर नहीं लिया जाएगा। विक्रेता को ऊपर संदर्भित स्थितियों का रिकार्ड रखना होगा तथा ऐसी स्थिति उत्पन्न होने के सात दिन के भीतर लिखित रूप में इसे क्रेता के संबंधित अधिकारी की जानकारी में लाना होगा। इन कारणों से हुई समय की देरी, यदि कोई हो, का गणन संविदा अवधि में शामिल नहीं किया जाएगा।. विक्रेता के साथ विचार विमर्श के पश्चात क्रेता द्वारा लिया जाने वाला निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी माना जाएगा। समय की ऐसी अवधि क्रेता द्वारा बढ़ाई जाएगी ताकि विक्रेता विस्तारित अवधि के दौरान मदों की डिलीवरी कर सके।
अप्रत्याशित घटना की स्थिति समाप्त होने के पश्चात, उस पार्टी द्वारा, जो अपने दायित्वों के निष्पादन से प्रभावित हुई है, दूसरी पार्टी को ऐसे अवरोध की जानकारी दी जाएगी तथा उसे यह सूचित किया जाएगा कि प्रभावित क्रियाकलापों में कितने समय की वास्तविक देरी हुई है। ऐसी किसी स्थिति, जब कभी घटित हो, इससे अवरोध उत्पन्न होने की शर्त पर, पार्टी के संविदागत दायित्वों के निष्पादन पर हुए प्रभाव अथवा देरी अप्रत्याशित घटना का दावा करने के लिए न्यायोचित होनी चाहिए।

21.0 **<u>बयाना जमा राशि(ई.एम.डी.)</u>**

सभी बोलीदाताओं को ब्याज मुक्त 1,50,000 रूपए (एक लाख पचास हजार रूपए केवल) (देशीय बोलीदाताओं के मामले में) / अमेरिकी डालर 2,300 (दो हजार तीन

सौ अमेरिकी डालर केवल) (विदेशी बोलीदाताओं के मामले में) की बयाना जमा राशि कोलकाता (कलकत्ता), भारत में किसी अनुसूचित बैंक में देय “बामर लारी एंड कम्पनी लिमिटेड” के नाम से जारी धनादेश / डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रस्तुत करनी होगी।

असफल बोलीदाता (बोलीदाताओं) की बयाना जमा राशि निविदा के अंतिमकरण के पश्चात लौटा दी जाएगी। तथापि, सफल बोलीदाता (बोलीदाताओं) की बयाना जमा राशि सुरक्षा जमा प्रस्तुत किए जाने के पश्चात वापस की जाएगी।

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम तथा सूक्षम, लघु एवं मध्यम उद्यम य लघु राष्ट्री / लघु उद्योग यूनिटों को अर्जित जमा राशि के / उद्योग निगम लिमिटेड में पंजीकृत भुगतान से छूट प्रदान की गई है।तथापि, सूक्षम, लक्षु एवं मध्यम उद्यमय राष्ट्री/ ग यूनिटों को अपनी बलघु उद्योग निगम लिमिटेड में पंजीकृत लघु उद्योेली के साथ वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए।

22.0 <u>सुरक्षा जमा **(एस.डी.)**</u>

आपूर्तिकर्ता (आपूर्तिकताओं) द्वारा आशय पत्र/ क्रयादेश प्राप्त किए जाने के पश्चात क्रयादेश /आशय पत्र जारी किए जाने की तिथि से 15 दिन के भीतर आदेश के संतोषजनक निष्पादन के तौर पर आदेश के कुल मूल्य (कर एवं शुल्कों के अलावा मूल आदेश मूल्य) पर 2% की दर से कोलकाता (कलकत्ता), भारत में किसी अनुसूचित बैंक में देय “बामर लारी एंड कम्पनी लिमिटेड” के नाम से जारी धनादेश / डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से ब्याज मुक्त सुरक्षा जमा राशि प्रस्तुत करनी होगी। इसके लिए भारत में किसी राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से समान मूल्य की सुरक्षा गारंटी भी प्रस्तुत की जा सकती है मा के लिए निविदा में दिए गए फार्मेट के अनुसार किसी अनुसूची ‘क’ की संविदा के अंत तक मान्य बैंक गारंटी भी प्रस्तुत की जा सकती है।

यदि आदेश जारी किए जाने के समय निविदा की मात्रा दो अथवा अधिक विक्रेताओं में विभाजित की जाती है तो सुरक्षा जमा का विभाजन भी उसी अनुपात में किया जाएगा।

23.0 <u>प्रस्ताव की वैधता</u>

प्रस्ताव निविदा की देय तिथि से **60 (साठ) दिन** अथवा विस्तारित तिथि तक स्वीकृति के लिए मान्य होगा।

24.0 **प्रस्ताव की प्रस्तुति**

देशीय बोलीदाताओं को अपने प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करने चाहिए। तथापि बयाना जमा राशि तथा अन्य दस्तावेज, यदि कोई हों, हमारे कार्यालय में निविदा की देय तिथि तथा समय से पूर्व पहुंच जाने चाहिए।

विदेशी बोलीदाताओं से अपनी निविदा मोहरबंद लिफाफे में/ई-मेल प्रस्ताव में प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है तथा ये निविदा की देय तिथि एवं समय अर्थात 23 अक्तूबर, 2017 15:00 बजे भारतीय मानक समय तक हमारे कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।

बाहरी लिफाफे पर "एल.आई.ओ.एच के लिए वैश्विक निविदा" लिखा जाना चाहिए तथा इसपर निम्नलिखित पता लिखा जाना चाहिए :

श्री अर्नब घटक

वरिष्ठ प्रबंधक (केन्द्रीय अधिप्राप्ति)

बामर लारी एंड कम्पनी लिमिटेड,

ग्रीस एवं लुब्रिकेंट्स प्रभाग,

पी-43, हाईड रोड एक्सटेंशन,

कोलकाता – 700 088, भारत

| | |
|---|---|
| फोन नम्बर | : (+) 91 33 2450 5116 |
| मोबाइल | : (+) 91 9007062135 |
| ई-मेल | : ghatak.a@balmerlawrie.com |

निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीदाता के प्राधिकृत प्रतिनिधि की मोहर तथा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए तथा इसे प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**निविदा से संबंधित नियम तथा शर्तों के संबंध में किसी प्रकार का व्यतिक्रम स्वीकार्य नहीं होगा। किसी व्यतिक्रम के मामले में बोलीदाता(बोलीदाताओं) से किसी प्रकार का सम्पर्क किए बिना अथवा कोई कारण बताए बिना**, **जो भी कारण हो**, **प्रस्ताव सिरे से रद्द कर दिया जाएगा।**

सम्बद्ध कम्पनियों से प्राप्त प्रस्ताव (भारत के कम्पनी अधिनियम, 1946 में दी गई सम्बद्ध कम्पनी की परिभाषा के अनुसार) को एकल प्रस्ताव के रूप में विचार में लिया जाएगा।

देय तिथि तथा समय के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव (प्रस्तावों) को मूल्यांकन के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उनका मोहरबंद लिफाफा (लिफाफे) खोला नहीं जाएगा। प्रस्ताव देय तिथि तथा समय पर न पहुंचने के संबंध में बामर लारी उत्तरदायी नहीं होगी।

धन्यवाद

भवदीय
कृते **बामर लारी एंड कम्पनी लिमिटेड**

(**अर्नब घटक**)
**वरिष्ठ प्रबंधक (केन्द्रीय अधिप्राप्ति)**

# **ऑनलाइन बोली प्रस्तुत किए जाने की शर्तें**

1.0 **बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया**

बोलीदाता को नीचे दी गई प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए ई-अधिप्राप्ति प्लेटफार्म के माध्यम से बोली प्रस्तुति की अपनी प्रतिक्रिया https://balmerlawrie.eproc.in पर प्रस्तुत करनी होगी। इसके लिए बोलीदाता को ई-अधिप्राप्ति मार्केट प्लेस के लिए https://balmerlawrie.eproc.in पंजीकरण करवाकर अपनी बोली ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। निविदा आमंत्रण प्राधिकरण द्वारा कोई भी ऑफलाइन बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। बोलीदाता को अपनी अर्हता, योग्यता के दस्तावेज, तकनीकी बोली, वित्तीय बोली इत्यादि ई-अधिप्राप्ति वेबसाइट पर प्रदर्शित निविदा दस्तावेज में दिए गए मानक फार्मेट के अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। बोलीदाता द्वारा अपने अर्हता मापदंडों / तकनीकी बोली के प्रमाण के लिए अपने सभी संबंधित दस्तावेज इत्यादि की स्कैन की गई प्रतियां, यदि अपेक्षित हो, ईअधिप्राप्ति वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी। तथापि, बड़े आकार के दस्तावेज स्कैन करके अपलोड नहीं किए जाने हैं तथा इन्हें निविदा आमंत्रण प्राधिकारी के कार्यालय में निविदा की देय तिथि से पूर्व पहुंचाया जाना है। बोलीदाता को अपलोड की जाने वाली विवरणियों, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए उनकी शुद्धता / सत्यता का उत्तरदायित्व लेना चाहिए।

2.0 **ई-अधिप्राप्ति प्लेटफार्म के लिए पंजीकरण**

पंजीकरण तथा ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए बोलीदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा.लि. की हैल्प डैस्क से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा वे स्वयं https://balmerlawrie.eproc.in वेबसाइट पर लॉग इन करके पंजीकरण कर सकते हैं।

3.0 **डिजीटल प्रमाणन का सत्यापन**

बोलीदाता को अपनी बोली का सत्यापन ईअधिप्राप्ति प्लेटफार्म पर बोली प्रस्तुत करने के लिए डिजीटल प्रमाणपत्र के साथ करना होगा तथा बोलीदाता द्वारा डिजीटल प्रमाणन के बिना प्रस्तुत बोली ईअधिप्राप्ति प्लेटफार्म पर स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन बोलीदाताओं के पास डिजीटल प्रमाणपत्र नहीं है उन्हें डिजीटल प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेना चाहिए। इसके लिए वे सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की हैल्प डैस्क से सम्पर्क कर सकते हैं।

मैसर्स सी1 इंडिया प्रा.लि.
सी104, सेक्टर 2, नोएडा - 201301

**सम्पर्क व्यक्ति** : रीताब्रत चक्रबोर्ती (कोलकता)

| | | |
|---|---|---|
| मोबाइल | : | + 91 97487 08094 |
| ई-मेल | : | ritabrata.chakraborty@c1india.com |

4.0 **मूल प्रतियों की प्रस्तुति**

बोलीदाताओं से यह अनुरोध है कि अपनी बोली ऑनलाइन प्रस्तुत करने से पूर्व उपचार स्तर के उल्लेख सहित तकनीकी साहित्य एवं लागू बयाना जमा राशि कोरियर / ई-मेल के माध्यम से हमें ऑनलाइन निविदा खुलने से पूर्व पहुंचाने की व्यवस्था करें।

5.0 **निविदा का शुद्धिपत्र**

बोलीदाता को निविदा आमंत्रण प्राधिकारी द्वारा ईअधिप्राप्ति प्लेटफार्म के माध्यम से समय समय पर जारी किए जाने वाले परिवर्तनों के लिए जोड़े जाने वाले परिशिष्ट / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देना होगा। इसके संबंध में किए जाने वाले किसी प्रकार के दावे के प्रति निविदा आमंत्रित करने वाली कम्पनी उत्तरदायी नहीं होगी।

6.0 **बोली प्रस्तुति की पावती**

प्रयोक्ता को बोली प्रस्तुति के संबंध में पूरी प्रक्रिया के लिए अपेक्षित सभी स्टैप्स पूरे करने होंगे। सभी प्रक्रियाएं तथा स्टैप्स पूरे किए जाने के पश्चात बोली प्रस्तुति नम्बर के साथ सिस्टम से पावती प्राप्त होने बोली की सफल प्रस्तुति ज्ञात की जा सकती है। प्रयोक्ता द्वारा अपूर्ण बोली प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में निविदा आमंत्रण प्राधिकारी तथा सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उत्तरदायी नहीं होंगे। प्रयोक्ता कृपया यह भी नोट कर लें कि अपूर्ण बोली सिस्टम में सुरक्षित नहीं की जाती हैं तथा ये निविदा आमंत्रण प्राधिकारियों के भी संसाधन के लिए उपलब्ध नहीं होती हैं।

स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करने से पूर्व बोलीदाताओं को अपलोड किए जा रहे सभी विवरणों, दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों पर उनके सही होने / सत्यापन करने के तौर पर हस्ताक्षर करने चाहिए।